सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-389
**01/09/2017**

## विधायक विद्यासागर निषाद एवं पूर्व विधान पार्षद श्री रूदल ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया अंशदान

पटना 01 सितम्बर, 2017 :– आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर मोरवा, समस्तीपुर के विधायक श्री विद्यासागर निषाद ने 51 हजार रूपये का चेक एवं पूर्व विधान पार्षद श्री रूदल राय ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 35 हजार रूपये का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये विधायक श्री विद्यासागर निषाद एवं पूर्व विधान पार्षद श्री रूदल राय को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बॅटाना चाहिये।

******